# एमडीआईई ने विकसित भारत पर आयोजित की संगोष्ठी

वैभव न्यूज ■ नई दिल्ली

विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय संगोष्ठी और एमडीआई ने सेंटर फॉर फाइनैंशियल सर्विसेज का शुभारंभ किया। उद्घाटन सत्र की शुरूआत एमडीआई के डायरेक्टर प्रोफेसर अरविंद सहाय द्वारा स्वागत संबोधन के साथ हुई। पीएफआरडीए के चेयरमैन डॉ दीपक मोहंती और सेबी के पूर्व चेयरमैन एम दामोदरन ने सभा को सम्बोधित किया। उन्होंने सामाजिक-आर्थिक विकास को गति प्रदान करने के लिए वित्तीय समावेशन एवं डिजिटल इनोवेशन की भूमिका पर भी जोर दिया। इस अवसर पर प्रोफेसर अरविंद सहाय डायरेक्टर एमडीआई गुड़गांव ने कहा एमडीआई गुड़गांव के लिए गर्व की बात है कि इसे वित्तीय सशक्तिकरण पर राष्ट्रीय स्तर की इस चर्चा में योगदान देने का अवसर मिला है। सेंटर फॉर फाइनैंशियल सर्विसेज के लॉन्च के साथ हमने भारत के फाइनैंशियल सेक्टर में विचार नेतृत्व



नीतिगत इनोवेशन एवं क्षमता निर्माण को गति प्रदान करने का लक्ष्य रखा है। सेंटर फॉर फाइनैंशियल सर्विसेज भारत के आर्थिक एवं वित्तीय समावेशन के दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए आधुनिक अनुसंधान, कार्यकारी शिक्षा तथा हितधारकों की भागीदारी को प्रोत्साहित करेगा। प्रोफेसर मनोज आनंद, डीन एसओएमएफआई ने नए सेंटर के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी वहीं फैकल्टी इनचार्ज प्रोफेसर लीना अजीत कौशल एवं प्रोफेसर नेहारिका सोब्ती ने पैनल चर्चाओं की मेजबानी की। सम्मेलन का समापन स्कूल ऑफ मैनेजमेन्ट ऑफ फाइनैंशियल इंस्टीट्यूशन्स के चेयरपर्सन प्रोफेसर इमलाक शेख द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुई।